# 21 राजस्थान की प्रथाएँ व रिती–रिवाज

1. विवाह के समय वधू के लिए वर पक्ष द्वारा लाये गये कपड़े व आभूषण क्या कहलाते हैं?
(1) मायरा (2) बरी–पडला
(3) बेस (4) कांकण डोरा (2)

2. मेवाड़ रियासत में डाकण प्रथा पर रोक लगाने के वक्त मेवाड़ के महाराणा कौन थे?
(1) महाराणा फतेहसिह (2) महाराणा सज्जनसिंह
(3) महाराणा राजसिंह (4) महाराणा स्वरूप सिंह (4)

व्याख्या– मेवाड़ रियासत में महाराणा स्वरूप सिंह ने 1853 ई. में इस प्रथा पर सर्वप्रथम रोक लगाई।

3. राजस्थान में त्याग प्रथा पर सर्वप्रथम रोक लगाने वाली रियासत है?
(1) कोटा (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) बीकानेर (3)

व्याख्या– त्याग प्रथा पर सर्वप्रथम प्रतिबंध जोधपुर में महाराजा मानसिंह के समय 1841 ई. में लगाई गयी।

4. सागड़ी प्रथा से तात्पर्य है?
(1) बंधुआ मजदूर प्रथा
(2) मृत्यु के बाहरवें दिन का भोज
(3) विवाह पश्चात बारात को भेंट देना
(4) मृत्यु के तीसरे दिन की शोक सभा (1)

व्याख्या– सागड़ी या बंधुआ मजदूर प्रथा उधार दी गई राशि के बदले उस व्यक्ति से नौकर की तरह कार्य करवाने से सम्बन्धित है। इनसे खेतों में काम करवाना 'हाली प्रथा' व घर में काम करवाना 'चाकर प्रथा' कहलाता था।

5. राजस्थान में अंतिम सती होने की घटना किस जिले की है?
(1) सीकर (2) झुंझुनूं
(3) जयपुर (4) चुरू (1)

व्याख्या– राजस्थान की अंतिम सती नीमकाथाना जिले के देवराला गांव की रूपकँवर नामक महिला थी।

6. राजस्थान में बाल विवाह पर सर्वप्रथम रोक लगाने वाली रियासत है?
(1) कोटा (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) मेवाड़ (3)

व्याख्या– बालविवाह पर सर्वप्रथम जोधपुर के प्रधानमंत्री सर प्रताप ने 1885 ई.में रोक लगाई ।

7. डाकण प्रथा मुख्य रूप से राजस्थान की किस जनजाति में पायी जाती है?
(1) मीणा (2) भील
(3) गरासिया (4) कंजर (2)

8. रियासती काल में शासक या जागीरदार अपनी लड़की की शादी में दहेज के साथ कुछ कुंवारी कन्याएँ भी देते थे, जो कहलाती थी?
(1) चारी (2) ओलन्दी
(3) डावरिया (4) पासवान (3)

9. शारदा एक्ट का सम्बन्ध किस प्रथा से है–
(1) सागड़ी प्रथा (2) त्याग प्रथा
(3) दास प्रथा (4) बाल विवाह (4)

10. नवनिर्मित घर में गृह प्रवेश की रस्म क्या कहलाती है?
(1) ल्हास (2) नांगल
(3) बार रूकाई (4) जनोटण (2)

11. तोरण पर वधू की माता द्वारा की जाने वाली, दुल्हे की आरती व टीका क्या कहलाता है?
(1) सामेला (2) झाला मिला की आरती
(3) हथलेवा (4) रंगबरी (2)

12. राजस्थान में 'साका' किसे कहते है?
(1) जौहर + केसरिया (2) जौहर
(3) केसरिया (4) इनमें से कोई नहीं (1)

व्याख्या–जब राजपुत यौद्धा केसरिया करते थे व राजपुत वीरांगनाएँ जौहर व्रत करती थी वह 'साका' कहलाता था।

13. सती निवारण अध्यादेश 1987 कब लागू हुआ?
(1) 3 जनवरी 1968 (2) 3 जनवरी 1978
(3) 3 जनवरी 1998 (4) 3 जनवरी 1988 (4)

14. राजस्थान में 'डांगड़ी रात' कब जगाई जाती है?
(1) पुत्र जन्म के तीसरे दिन
(2) मृत्यु के 30 दिन पूरे होने पर
(3) मृतक की अस्थियाँ विसर्जित कर वापिस लौटने पर
(4) ऊँटनी के ब्याने पर पाबूजी का रात्रि जागरण (3)

15. सुमेलित कीजिए–

| प्रथा | वर्ष |
|---|---|
| (A) राजस्थान डायन प्रताड़ना निवारण अधि. | (1) 1961 |
| (B) दहेज प्रतिषेध अधिनियम | (2) 2015 |
| (C) विधवा पुर्नविवाह अधिनियम | (3) 1856 |
| (D) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम | (4) 1829 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 1 | 3 | 4 |

(4)

16. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम किसके प्रयासों से बनाया गया–
(1) ईश्वरचन्द विद्यासागर (2) राजा राम मोहन राय
(3) सर प्रतापसिंह (4) हरविलास शारदा (1)

व्याख्या– ईश्वरचंद विद्यासागर व लॉर्ड डलहौजी के प्रयासों से 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम बनाया गया व लॉर्ड कैनिंग द्वारा इसे 27 जुलाई 1856 को लागु किया गया।

17. निम्नलिखित में से कौन सी प्रथा विवाह से संबंधित नहीं है।
(1) सामेलो (2) सातरवाड़ा
(3) टीका (4) बढ़ार (2)

18. **सती प्रथा पर रोक लगाने का प्रयास किसने किया?**
(1) ईश्वरचन्द विद्यासागर (2) राजा राम मोहन राय
(3) सर प्रतापसिंह (4) हरविलास शारदा (2)

19. **बेटी का पिता किस प्रथा में अपने रिश्तेदारों को बुलाकर बेटी व जंवाई को कपड़े, आभूषण आदि थाली में रख देता है–**
(1) कोथला (2) चारी
(3) शगुन (4) मांग (1)

**व्याख्या–** जापे के बाद लड़की के पीहर से ससुराल जाते समय उसके पति व अन्य घरवालों के लिए कपड़े देने की रस्म कोथला कहलाती है।

20. **हाली प्रथा का संबंध है?**
(1) बन्धुआ मजदूर (2) डावरिया प्रथा
(3) पर्दा प्रथा (4) त्याग प्रथा (1)

**व्याख्या–** सागड़ी निवारण अधिनियम 1961 के द्वारा भारत सरकार ने इसे गैर कानूनी घोषित कर दिया।

21. **गाँव बारण रसोई बनाना संबंधित है?**
(1) इन्द्र देवता को प्रसन्न करने के लिए
(2) वर्षा के लिए
(3) विकल्प (1) व (2) दोनों
(4) शीघ्र विवाह की कामना के लिए (3)

22. **किसी व्रत का उद्यापन कहलाता है?**
(1) उजमणो (2) व्रत खोलना
(3) व्रत समापन (4) व्रत क्रिया (1)

23. **16 संस्कारों में हिन्दुओं का प्रथम संस्कार माना जाता है?**
(1) गर्भाधान (2) पुंसवन
(3) जातकर्म (4) नामकरण (1)

24. **चिकनी कोथली है।**
(1) अंत्येष्टि संस्कार (2) विवाह की रस्म
(3) मृत्यु की रस्म (4) सीमन्तोनयन संस्कार (2)

25. **झडुला एक प्रमुख संस्कार है, जिसे क्या कहते हैं?**
(1) चूड़ाकर्म (2) निष्क्रमण
(3) संवर्तन (4) जातकर्म (1)

**व्याख्या–** चूड़ाकर्म/जडूला– शिशू को दो या तीन वर्ष का होने पर अपने किसी कूलदेवी या कूलदेवता के स्थान पर बच्चे का पहनी बार मुण्डन करना चूड़ाकर्म/जडूला कहलाता है।

26. **जीवित रहते ही मृत्यु से पहले भोज दिया जाना कहलाता है?**
(1) मौसर (2) बढ़ार
(3) औसर (4) कांधिया (3)

27. **कौनसी रिवाज विवाह से सम्बन्धित नहीं है?**
(1) कांकण डोरा (2) रंगबरी
(3) नांगल (4) पगधोई (3)


**व्याख्या–** नांगल नव निर्मित घर के प्रवेश की रस्म है।

28. **गाँव या नगर के बाहर जाकर, वधू पक्ष की ओर से की जाने वाली बारात की अगवानी क्या कहलाती है?**
(1) पड़जान (2) बरी पड़ला
(3) हीरावणी (4) बरोटी (1)

29. **निम्न में से विवाह की रस्म नहीं है–**
(1) कांकण डोरा (2) ढूकाव
(3) बरसी (4) हथलेवा (3)

30. **भारत सरकार द्वारा 'सागड़ी निवारण अधिनियम' कब से गैरकानूनी घोषित कर दिया था?**
(1) 1961 (2) 1980
(3) 1960 (4) 1963 (1)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।